राजस्थान सरकार
कार्मिक (क–4/1) विभाग

क्रमांक प. 5(2)कार्मिक/क–4/2023 जयपुर, As Per E-sign

समस्त राजस्थान प्रशासनिक सेवा संवर्ग अधिकारीगण,

विषयः– विगत वर्षों के लंबित कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन भरने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कार्मिक (क–1/गो.प्र.) विभाग के परिपत्र दिनांक 03.01.2025 द्वारा राज्य के समस्त राजसेवकों द्वारा वर्ष 2021–22 से कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन राजकाज पोर्टल पर ऑनलाईन भरने का प्रावधान किया है। राज्य सरकार द्वारा जिन राजसेवकों द्वारा विगत वर्षों के कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन राजकाज पोर्टल पर ऑनलाईन नहीं भरा गया है, उन्हें एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए लंबित कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन राजकाज पोर्टल पर ऑनलाईन भरने हेतु दिनांक 31.01.2025 तक का समय प्रदान किया है।

उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि जिन अधिकारियों द्वारा वर्ष 2021–22 एवं पश्चातवर्ती वर्षों का वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन नहीं भरा है, वे सभी अधिकारीगण नियत तिथि तक अपना वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन भरना सुनिश्चित करावें।

उक्त नियत तिथि के पश्चात किसी भी अधिकारी के लंबित वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन के संबंध में प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

भवदीय

(कनिष्क कटारिया)
संयुक्त शासन सचिव

Signature valid

Digitally signed by Kanishak Kataria
Designation : Joint Secretary To Government
Date: 2025.01.10 19:00:47 IST
Reason: Approved

कमरा नम्बर 1237, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर।
फोन नम्बर 0141–2227347
Website- www.dop.rajasthan.gov.in
E-mail – itcell.dop@rajasthan.gov.in

RajKaj Ref No.: 12948573